# राट्रीय लेखा सांख्यिकी 2011
## सिंहावलोकन
### 1. प्रकाशन

**1.01** केन्द्रीय सांख्यिकी **कार्यालय** (के.सां.का.), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय नियमित रूप से राट्रीय लेखा समाहारों (अर्थात घरेलू उत्पाद, उपभोग व्यय, पूंजी निर्माण, बचत तथा पूंजी स्टॉक आदि) के संपूर्ण अर्थव्यवस्था एवं सार्वजनिक क्षेत्र के अनुमान प्रचलित एवं स्थिर मूल्यों (2004-2005)पर संकलित करता है और उनको *राट्रीय लेखा सांख्यिकी* (एनएएस) नामक प्रकाशन में प्रकाशित करता है । प्रत्येक वर्ष के जनवरी माह में केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय पूर्व वर्ष के मार्च माह में समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए, राट्रीय लेखा समाहारों के "त्वरित" अनुमान जारी करता है । ये अनुमान 10 माह के अंतराल पर कृषि उत्पादन, औद्योगिक उत्पादन, सरकारी व्यय तथा रेलवे, संचार, गैर-विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों आदि से संबंधित अन्य प्रचलित /आंशिक अद्यतन आंकड़ों के आधार पर प्रकाशित किए जाते हैं । पूर्व वित्तीय र्वा के लिए "त्वरित" अनुमानों को जारी करने के साथ-साथ केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय विभिन्न स्रोत अभिकरणों से उपलब्ध विस्तृत और अधिक संपूर्ण आंकड़ों का उपयोग करते हुए कुछ पूर्व वित्तीय वर्षों के अनुमानों को संशोधित भी करता है ।

**1.02** "त्वरित" अनुमानों और उनके संशोधनों के अलावा केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय प्रचलित वित्तीय वर्ष के लिए मुख्य समटि आर्थिक समाहारों के अनुमान भी वर्ष की समाप्ति के लगभग दो माह पूर्व संकलित करता है और उनको "अग्रिम" अनुमानों के रूप में जारी करता है । "अग्रिम" अनुमानों को जारी करने में उद्योग द्वारा दोनों - प्रचलित और स्थिर -मूल्यों तथा कारक लागत पर सकल राट्रीय आय (जी एन आई), निवल राट्रीय आय(एनएनआई), सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी),निवल घरेलू उत्पाद (एनडीपी)और प्रति व्यक्ति आय (कारक लागत पर रुपए में प्रति व्यक्ति निवल राट्रीय आय) अंतर्विट हैं । इन अनुमानों को बाद में संशोधित किया जाता है तथा मई के अंतिम कार्य दिवस को अर्थात तीन माह के अंतराल पर अग्रिम अनुमानों के अद्यतनीकरण के रूप में जारी किया जाता है ।

**1.03** राट्रीय लेखा सांख्यिकी(एन ए एस)-2011 के वर्तमान अंक में वर्ष 2009-10 के लिए समटि आर्थिक समाहारों के त्वरित अनुमान शामिल हैं । 7 फरवरी, 2011 को जारी किए गए वर्ष 2010-11 की राट्रीय आय के अग्रिम अनुमानों एवं वर्ष 2004-05 से 2009-10 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी)के त्रैमासिक अनुमानों को भी शामिल किया गया है। इस प्रकाशन के पांच भाग हैं । प्रत्येक भाग का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया हैः-

***भाग-1*** - *समटि आर्थिक समाहार* - इस भाग में स्थिर मूल्यों (2004-05) पर कारक लागत और बाजार मूल्यों पर जीडीपी, एनडीपी, जीएनआई, और एनएनआई, स्थिर पूंजी का उपभोग (सीएफसी),निजी अंतिम उपभोग खर्च (पीएफसीई,), सरकारी अंतिम उपभोग खर्च (जीएफसीई), निर्यात और आयात, पूंजी निर्माण और बचत जैसे समटि आर्थिक समाहारों का संक्षिप्त ब्यौरा अंतर्विट है । इस भाग में राट्र का समेकित लेखा एवं सार्वजनिक क्षेत्र का निपादन भी दर्शाया गया है ।

***भाग-2*** - *घरेलू उत्पाद* - राट्रीय लेखा सांख्यिकी(एन ए एस)-2011 का यह भाग प्रतिशत वितरण और वृद्धि दरों सहित मूल उद्योग अर्थात् आर्थिक गतिविधि द्वारा सकल घरेलू उत्पाद और निवल घरेलू उत्पाद संबंधी विवरण प्रस्तुत करता है ।

***भाग-3*** - *उपभोग, बचत और पूंजी निर्माण* - यह भाग निजी अंतिम उपभोग, बचत और पूंजी निर्माण के अनुमानों के कुछ विस्तृत ब्यौरों को प्रस्तुत करता है । पीएफसीई के अनुमानों को लगभग 38 सामग्री समूहों के लिए अलग से प्रस्तुत किया गया है, जबकि सकल घरेलू बचत के अनुमान संस्थानों के प्रकार के अनुसार प्रस्तुत किए गए हैं । पूंजी निर्माण के अनुमान, (जिनमें स्थिर पूंजी निर्माण एवं भण्डारों में परिवर्तन भी सम्मिलित है) को संपत्तियों एवं संस्थानों के प्रकार के तथा "उपयोग के उद्योग" के अनुसार प्रस्तुत किया गया है ।

***भाग-4*** - *सार्वजनिक क्षेत्र के लेन-देन* - यह भाग सकल घरेलू उत्पाद और निवल घरेलू उत्पाद (संस्थानों एवं आर्थिक गतिविधियों के प्रकार द्वारा), सरकारी अंतिम उपभोग खर्च (उददेश्य द्वारा), बचत और पूंजी निर्माण (संस्थानों के प्रकार एवं उपयोग उद्योगों द्वारा ) जैसी समटियों के सार्वजनिक क्षेत्र के घटकों के ब्यौरे मुहैया करवाता है । यह भाग वास्तव में कारक आय, आर्थिक गतिविधि और संस्थानों की टाइप, नामक एक त्रि-स्तरीय वर्गीकरण के द्वारा आर्थिक लेखों के ब्यौरे प्रस्तुत करता है । प्रशासनिक विभागों के अंतिम उपभोग खर्च को कर्मचारियों के पारिश्रमिक संबंधी खर्चों, केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की अलग से की गई निवल खरीद के लिए भी अलग से दिया जाता है । प्रशासनिक विभागों के खर्च के ब्यौरे आर्थिक और उद्देश्य वर्गीकरण श्रेणियों द्वारा भी मुहैया कराए गये हैं ।

***भाग-5*** - *पृथक्कृत विवरण* - यह भाग फसल/मद/श्रेणी स्तर पर व्यापक पृथक्कृत ब्यौरे प्रस्तुत करता है । पृथक्कृत आंकड़ों का स्वरूप और परिमाण सूचना की उपलब्धता और प्राक्कलन की प्रक्रिया पर निर्भर करते हुए उद्योग-दर-उद्योग भिन्न-भिन्न होता है। बचत के संबंध में पथक्कृत अनुमान, वित्तीय परिसंपत्तियों तथा घरेलू(पारिवारिक) क्षेत्र की जिम्मेदारियों से संबंधित होते हैं । परिसंपत्तियों के प्रकार तथा संस्थानों और बाहरी लेन-देन लेखों के प्रकारों द्वारा भी पूंजी निर्माण के अनुमान इस भाग में प्रस्तुत किए गए हैं ।

**1.04** राट्रीय लेखा सांख्यिकी(एन ए एस)-2011 में विवरणों का एक अतिरिक्त खंड भी है जो अनेक उपयोगी विशेा विवरण प्रस्तुत करता है ।

## 2. अर्थव्यवस्था

### सकल घरेलू उत्पाद और राट्रीय आय

**2.01** वर्ष 2009-10 के लिए 44,93,743 करोड़ रू. के त्वरित अनुमान की तुलना में वर्ष 2010-11 के लिए स्थिर (2004-05) मूल्यों पर कारक लागत पर जीडीपी का अग्रिम अनुमान रू. 48,79,232 करोड़ रू. रहा जो वर्ष 2010-11 के दौरान 8.6 प्रतिशत की दृद्धि दर्शाता है । वर्तमान मूल्यों पर वर्ष 2009-10 के लिये रू. 61,33,230 करोड़ के त्वरित अनुमान की तुलना में वर्ष 2010-11 के लिये कारक लागत पर जीडीपी का अग्रिम अनुमान रू. 72,56,571 करोड़ रहा जो वर्ष के दौरान 18.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है ।

**2.02** वर्ष 2009-10 के लिए 39,46,540 करोड़ रू. के त्वरित अनुमानों की तुलना में वर्ष 2010-11 के लिए स्थिर (2004-05) मूल्यों पर राष्ट्रीय आय(अर्थात कारक लागत पर निवल राष्ट्रीय आय) का अग्रिम अनुमान रू. 42,69,994 करोड़ रहा जो वर्ष 2010-11 के दौरान राष्ट्रीय आय में 8.2 प्रतिशत की

वृद्धि दर्शाता है । वर्तमान मूल्यों पर, वर्ष 2009-10 के लिये रू. 54,39,557 करोड़ के त्वरित अनुमान की तुलना में वर्ष 2010-11 के लिये राष्ट्रीय आय का अग्रिम अनुमान रू. 64,66,860 करोड़ अनुमानित है जो वर्ष के दौरान 18.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है ।

**सारणी-1: कारक लागत पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) एवं कारक लागत पर राष्ट्रीय आय अथवा निवल राष्ट्रीय आय**

| वर्ष | सकल घरेलू उत्पाद (करोड़ रूपये ) | | निवल राष्ट्रीय आय (करोड़ रूपये ) | | प्रति व्यक्ति निवल राष्ट्रीय आय (रूपये) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रचलित मूल्य | 2004-05 के मूल्य | प्रचलित मूल्य | 2004-05 के मूल्य | प्रचलित मूल्य | 2004-05 के मूल्य |
| 2004-05 | 2971464 | 2971464 | 2629198 | 2629198 | 24143 | 24143 |
| 2005-06 | 3389621 | 3254216 | 2999792 | 2878410 | 27123 | 26025 |
| 2006-07 | 3952241 | 3566011 | 3500396 | 3150904 | 31198 | 28083 |
| 2007-08 | 4581422 | 3898958 | 4076352 | 3454264 | 35820 | 30354 |
| 2008-09 | 5282086 | 4162509 | 4685873 | 3669890 | 40605 | 31801 |
| 2009-10 (त्वरित) | 6133230 | 4493743 | 5439557 | 3946540 | 46492 | 33731 |
| 2010-11 (अग्रिम) | 7256571 | 4879232 | 6466860 | 4269994 | 54527 | 36003 |
| पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि | | | | | | |
| 2005-06 | 14.1 | 9.5 | 14.1 | 9.5 | 12.3 | 7.8 |
| 2006-07 | 16.6 | 9.6 | 16.7 | 9.5 | 15.0 | 7.9 |
| 2007-08 | 15.9 | 9.3 | 16.5 | 9.6 | 14.8 | 8.1 |
| 2008-09 | 15.3 | 6.8 | 15.0 | 6.2 | 13.4 | 4.8 |
| 2009-10 (त्वरित) | 16.1 | 8.0 | 16.1 | 7.5 | 14.5 | 6.1 |
| 2010-11 (अग्रिम) | 18.3 | 8.6 | 18.9 | 8.2 | 17.3 | 6.7 |

**2.03** वर्ष 2009-10 के लिए 33731 रू. के त्वरित अनुमान की तुलना में अग्रिम अनुमानों के अनुसार वर्ष 2010-11 के लिए प्रति व्यक्ति वास्तविक आय अर्थात स्थिर (2004-05) मूल्यों पर कारक लागत पर प्रति व्यक्ति निवल राष्ट्रीय आय 36003 रू. है । यह वर्ष 2010-11 के दौरान लगभग 6.7 प्रतिशत की प्रति व्यक्ति वास्तविक आय की वृद्धि दर्शाता है । प्रचलित मूल्यों पर, प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2009-10 में 46492 रू. की तुलना में 17.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हुए वर्ष 2010-11 के दौरान 43,749 रु. होने का अनुमान है ।

**प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय**




**2.04** अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में सकल घरेलू उत्पाद (कारक लागत पर) के प्रतिशत में परिवर्तन, जो सारणी 2 में प्रस्तुत किए गए हैं, वर्ष 2009-10 के दौरान कृषि (-0.1%) तथा वानिकी एवं

लट्ठा बनाना (2.5 प्रतिशत) की वास्तविक कम वृद्धि दर्शाते हैं । संचार (32.1 प्रतिशत), लोक प्रशासन तथा रक्षा (13%), बैंकिंग एवं बीमा (11.3 प्रतिशत),अन्य सेवाएं (10.9%), भंडारण (10.7%), रेलवे (9.4%) तथा विनिर्माण (8.8%) के क्षेत्रों में उच्च वृद्धि के कारण वर्ष 2009-10 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद में 8 प्रतिशत की वृद्धि दर प्राप्त हो सकी ।

**सारणी-2 : अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के सकल घरेलू उत्पाद(कारक लागत पर) में पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत परिवर्तन**

**(2004-05 के स्थिर मूल्यों पर)**

| क्षेत्र (उद्योग) | | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कृषि | 5.5 | 4.1 | 6.3 | -0.6 | -0.1 |
| 2. | वानिकी एवं लटठा बनाना | 1.8 | 3.3 | 1.4 | 2.1 | 2.5 |
| 3. | मत्स्यन | 5.9 | 6.6 | 5.8 | 3.5 | 4.9 |
| 4. | खनन तथा उत्खनन | 1.3 | 7.5 | 3.7 | 1.3 | 6.9 |
| 5. | विनिर्माण | 10.1 | 14.3 | 10.3 | 4.2 | 8.8 |
| 6. | विद्युत, गैस एवं जल आपूर्ति | 7.1 | 9.3 | 8.3 | 4.9 | 6.4 |
| 7. | निर्माण | 12.8 | 10.3 | 10.7 | 5.4 | 7.0 |
| 8. | व्यापार,होटल एवं जलपान गृह | 12.2 | 11.0 | 10.0 | 5.5 | 6.7 |
| 9. | रेलवे | 7.5 | 11.1 | 9.8 | 7.6 | 9.4 |
| 10. | अन्य साधनों से परिवहन | 9.3 | 9.0 | 8.7 | 5.2 | 7.0 |
| 11 | भंडारण | 4.7 | 10.9 | 3.4 | 10.5 | 10.7 |
| 12. | संचार | 25.5 | 24.9 | 25.4 | 25.8 | 32.1 |
| 13. | बैंकिंग एवं बीमा | 15.9 | 20.6 | 16.7 | 14.0 | 11.3 |
| 14 | स्थावर संपदा, आवासों का स्वामित्व एवं व्यावसायिक सेवायें | 10.6 | 9.5 | 8.4 | 11.2 | 7.5 |
| 15 | लोक प्रशासन एवं रक्षा | 4.2 | 2.0 | 7.6 | 20.2 | 13.0 |
| 16 | अन्य सेवाएं | 9.1 | 3.5 | 6.3 | 7.4 | 10.9 |
| 17 | कुल सकल घरेलू उत्पाद | **9.5** | **9.6** | **9.3** | **6.8** | **8.0** |

**2.05** *कृषि एवं पशुधन क्षेत्र का निष्पादन* : वर्ष 2009-10 में कृषि के उत्पादन मूल्य में -1.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई । इसी अवधि के दौरान पशुधन उत्पादन में 4.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष 2009-10 के दौरान धान के उत्पादन में 2.6 से घट कर -10.2 प्रतिशत, खाद्यान्न के उत्पादन में 1.6 प्रतिशत से घटकर -7.0 प्रतिशत, मोटे अनाज के उत्पादन में -1.8 से घटकर -16.2 प्रतिशत तथा तिलहन के उत्पादन में -6.9 से घटकर -10.2 प्रतिशत का ह्रास हुआ है ।

**सारणी-3: कृषि का निष्पादन**

| मद | | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | वृद्धि दर | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 2008-09 | 2009-10 |
| 1. | उत्पादन मूल्य (2004-05 के मूल्यों पर, करोड़ रू में) | 672367 | 698972 | 737009 | 738186 | 742798 | 0.2 | 0.6 |
| 1.1 | कृषि | 484588 | 503122 | 532555 | 525706 | 520663 | -1.3 | -1.0 |
| 1.2 | पशुधन | 187779 | 195850 | 204454 | 212480 | 222135 | 3.9 | 4.5 |
| 2. | चुने हुए निवेशों का मूल्य (2004-05 के मूल्यों पर करोड़ रूपये में ) | | | | | | | |
| 2.1 | रसायन उर्वरक | 26436 | 27924 | 28451 | 31274 | 33665 | 9.9 | 7.6 |
| 2.2 | डीजल तेल | 11372 | 10961 | 11579 | 11328 | 12194 | -2.2 | 7.6 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2.3 | जैव खाद | 9875 | 10055 | 10224 | 10484 | 10756 | 2.5 | 2.6 |
| 2.4 | पशुधन का आहार | 87450 | 88126 | 88530 | 88996 | 89886 | 0.5 | 1.0 |
| 2.5 | बीज | 13151 | 13497 | 14113 | 13743 | 13135 | -2.6 | -4.4 |
| 3 | चुनी हुई फसलों का उत्पादन (मिलियन टन में ) | | | | | | | |
| 3.1 | खाद्यान्न | 208.59 | 217.28 | 230.78 | 234.46 | 218.10 | 1.6 | -7.0 |
| 3.1.1 | धान | 91.79 | 93.35 | 96.69 | 99.18 | 89.09 | 2.6 | -10.2 |
| 3.1.2 | गेहूं | 69.35 | 75.81 | 78.57 | 80.68 | 80.80 | 2.7 | 0.1 |
| 3.1.3 | मोटे अनाज | 34.06 | 33.92 | 40.76 | 40.03 | 33.55 | -1.8 | -16.2 |
| 3.1.4 | दालें | 13.39 | 14.20 | 14.76 | 14.57 | 14.66 | -1.3 | 0.6 |
| 3.2 | तिलहन | 27.98 | 24.29 | 29.76 | 27.72 | 24.88 | -6.9 | -10.2 |
| 3.3 | कपास* | 18.50 | 22.63 | 25.88 | 22.28 | 24.23 | -13.9 | 8.8 |
| 3.4 | गन्ना | 281.17 | 355.52 | 348.19 | 285.03 | 292.30 | -18.1 | 2.6 |

*(170 कि.ग्रा.की दस लाख गांठे)

**2.06** *गैर-कृषि वस्तुओं के उत्पादन क्षेत्र का निष्पादन* : वर्ष के दौरान गैर-कृषि वस्तुओं के उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादातर मदों में वृद्धि सकारात्मक रही । तथापि, वर्ष के दौरान, मांस, मछली, फल, सब्जियां व तेल, डेयरी उत्पादों, पेय पदार्थों, रसायन एवं रासायनिक उत्पादों तथा मूल धातुओं के सूचकांक में वृद्धि में क्रमशः 7.5 प्रतिशत से 1.5 प्रतिशत, 0.3 प्रतिशत से -12.1 प्रतिशत, 26.8 प्रतिशत से बढ़कर -3.2 प्रतिशत; 9.6 प्रतिशत से 4.7 प्रतिशत तथा 6.1 प्रतिशत से 3.3 प्रतिशत का ह्रास हुआ है ।

**सारणी-4: एन आई सी के द्विअंक स्तर पर गैर-कृषि वस्तुओं के उत्पादन के सूचकांक (आधार वर्ष 2004-05)**

| उद्योग | रा.औ. व. कोड | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | प्रतिशत वृद्धि 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खनन | 101-142 | 101.0 | 106.4 | 111.9 | 114.7 | 126.1 | 2.6 | 9.9 |
| मांस, मछली (मत्स्य)फल सब्जिया तथा तेल | 151 | 75.6 | 72.2 | 73.6 | 79.1 | 80.3 | 7.5 | 1.5 |
| डेयरी उत्पाद | 152 | 100.8 | 102.6 | 110.4 | 110.7 | 97.3 | 0.3 | -12.1 |
| अन्न मिल उत्पाद | 153 | 84.9 | 77.0 | 77.0 | 77.4 | 86.2 | 0.6 | 11.3 |
| अन्य खाद्य उत्पाद | 154 | 129.5 | 157.4 | 173.5 | 142.0 | 139.4 | -18.2 | -1.8 |
| पेय | 155 | 100.9 | 107.1 | 124.9 | 158.5 | 153.4 | 26.8 | -3.2 |
| तम्बाकू उत्पाद | 16 | 138.3 | 156.6 | 158.9 | 159.0 | 164.8 | 0.1 | 3.6 |
| कताई, बुनाई और कपड़ों को तैयार करना | 171+172+173 | 106.8 | 118.5 | 124.5 | 125.5 | 131.7 | 0.8 | 5.0 |
| परिधान | 181-18105 | 116.4 | 129.8 | 134.6 | 142.3 | 154.3 | 5.7 | 8.5 |
| चमड़ा एवं फर उत्पाद | 182+19 | 99.5 | 102.5 | 114.4 | 105.0 | 108.9 | -8.2 | 3.7 |
| लकड़ी व लकड़ी उत्पाद | 20 | 94.3 | 121.7 | 171.1 | 154.5 | 169.6 | -9.7 | 9.8 |
| कागज और मुद्रण आदि | 21+22 | 94.0 | 101.4 | 104.9 | 105.9 | 114.3 | 0.9 | 7.9 |
| रबड़, पैट्रोलियम उत्पाद आदि | 23+25 | 102.8 | 114.1 | 121.1 | 122.8 | 133.3 | 1.4 | 8.5 |
| रसायन व रसायन उत्पाद | 24 | 102.4 | 107.8 | 115.2 | 126.3 | 132.2 | 9.6 | 4.7 |
| अधात्विक उत्पाद | 26 | 110.9 | 123.1 | 131.2 | 135.9 | 149.0 | 3.6 | 9.6 |
| मूल धातु | 271+272+273 | 116.7 | 148.9 | 167.1 | 177.3 | 183.2 | 6.1 | 3.3 |
| धातु उत्पाद व मशीनरी | 28+29+30 | 112.9 | 124.1 | 140.4 | 141.6 | 175.2 | 0.9 | 23.7 |
| विद्युत मशीनरी | 31+32 | 111.6 | 129.3 | 137.5 | 145.0 | 169.5 | 5.5 | 16.9 |
| अन्य विनिर्माण | 33+369 | 117.6 | 132.3 | 155.4 | 156.1 | 153.8 | 0.4 | -1.5 |
| परिवहन उपस्कर | 34+35 | 111.6 | 126.7 | 130.7 | 133.5 | 167.7 | 2.1 | 25.7 |
| विनिर्माण | 151-372 | 108.9 | 122.9 | 134.2 | 138.7 | 153.9 | 3.3 | 11.0 |
| विद्युत | 401 | 105.2 | 112.8 | 119.9 | 123.3 | 130.7 | 2.8 | 6.0 |
| साधारण | 10-40 | 108.0 | 120.8 | 131.3 | 135.5 | 149.8 | 3.2 | 10.5 |

**2.07** *सेवा क्षेत्र का निष्पादन* : सारणी 5 में पिछले कुछ वर्षों के दौरान वितरण, संचार और वित्तीय सेवाओं का निष्पादन दर्शाने वाले कुछ मुख्य संकेतक शामिल हैं । वर्ष के दौरान संचार क्षेत्र, सकल व्यापार आय और औसत जमा व उधार में क्रमशः 44.6 प्रतिशत, 7.6 प्रतिशत एवं 13.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई ।

**सारणी-5: सेवा क्षेत्र के निष्पादन लिए प्रमुख संकेतक**

| मद | | सूचकांक (2004-05=100) | | | | | प्रतिशत वृद्धि | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2008-09 | 2009-10 |
| 1. | सकल व्यापार आय | 109.1 | 119.7 | 130.3 | 139.4 | 150.0 | 7.0 | 7.6 |
| 2. | रेलवे | | | | | | | |
| 2.1 | यात्री निवल किलोमीटर | 106.9 | 120.7 | 133.7 | 145.6 | 156.9 | 8.9 | 7.8 |
| 2.2 | माल टन किलोमीटर | 107.4 | 117.5 | 127.2 | 134.2 | 146.2 | 5.5 | 8.9 |
| 3. | संचार-टेलीफोन कनेक्शन | 144.4 | 209.3 | 305.5 | 436.8 | 631.5 | 43.0 | 44.6 |
| 4. | प्रमुख बंदरगाहों पर उठाया गया माल | 110.2 | 124.6 | 139.4 | 142.93 | 146.5 | 2.5 | 2.5 |
| 5. | वास्तविक रूप में वर्ष के अंत में औसत जमा और उधार | 123.7 | 145.9 | 170.3 | 187.5 | 211.9 | 10.1 | 13.0 |

**सारणी-6: व्यापक क्षेत्रों के अनुसार सकल घरेलू उत्पाद**

| उद्योग | | प्रतिशत अंश प्रचलित मूल्य पर | | | प्रतिशत अंश 2004-05 के स्थिर मूल्य पर | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2004-05 | 2008-09 | 2009-10 | 2008-09 | 2009-10 |
| 1 | कृषि, वानिकी एवं मत्स्यन | 19.0 | 17.6 | 17.8 | 15.7 | 14.6 |
| 2 | खनन, विनिर्माण, विद्युत,एवं निर्माण | 28.0 | 28.2 | 27.0 | 28.1 | 28.1 |
| 3 | सेवाएं * | 53.0 | 54.1 | 55.2 | 56.2 | 57.3 |
| जोड़ | | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

* सेवाएं क्षेत्र में व्यापार, होटल एवं जलपानगृह, परिवहन, भण्डारण तथा संचार , वित्त व्यवस्था, बीमा, स्थावर संपदा एवं व्यावसायिक सेवाएं, साामुदायिक, सामाजिक एवं वैयक्तिक सेवाएं शामिल हैं ।

**2.08** तालिका 6 से हाल के वर्षों के दौरान अर्थव्यवस्था के ढांचे में हुए उन परिवर्तनों का पता चलता है जो वर्ष 2004-05 से सकल घरेलू उत्पाद की संरचना में हुए हैं । ऐसा देखा गया है कि जहां एक ओर वर्ष 2009-10 में प्रचलित और स्थिर मूल्यों पर कृषि और संबंधित क्षेत्रों का अंश, वर्ष 2004-05 में रहे 19.0 प्रतिशत से घटकर क्रमशः 17.8 प्रतिशत और 14.6 प्रतिशत हो गया है वहीं दूसरी ओर वर्ष 2009-10 में प्रचलित और स्थिर मूल्यों पर तृतीयक (सेवा)क्षेत्र का अंश, वर्ष 2004-05 रहे 53 प्रतिशत से बढ़कर 55.3 प्रतिशत और 57.3 प्रतिशत हो गया है ।

**सकल घरेलू उत्पाद**
*(प्रचलित मूल्यों पर प्रतिशतता अंश)*




**2.09** वर्ष 2009-10 के दौरान प्रत्यक्ष रूप से एकत्रित मूल्य आंकड़ों पर आधारित विभिन्न मूल्य सूचकांकों की प्रतिशत वृद्धि दर 12.3% से लेकर 14.0% तक की रही । इन मूल्य सूचकांकों की प्रवृत्ति के सामंजस्य में सकल घरेलू उत्पाद के प्रचलित और स्थिर मूल्य अनुमानों में अंतर्निहित मूल्य सूचकांक में वर्ष 2009-10 में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई ।

**सारणी-7: मूल्य सूचकांक (2004-05=100)**

| | मद | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | वृद्धि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 |
| क | राष्ट्रीय लेखा से व्युत्पन्न( अंतर्निहित) | | | | | | | |
| 1. | सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) | 110.8 | 117.5 | 126.9 | 136.5 | 6.0 | 8.0 | 7.6 |
| 2. | निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) | 109.9 | 115.4 | 122.8 | 132.9 | 5.0 | 6.5 | 8.2 |
| 3 | जीएफसीएफ | 109.1 | 114.7 | 123.2 | 129.3 | 5.1 | 7.3 | 5.0 |
| 3.1 | निर्माण कार्य | 111.9 | 120.7 | 132.3 | 140.9 | 7.9 | 9.6 | 6.5 |
| 3.2 | मशीनरी एवं उपस्कर | 106.0 | 108.2 | 112.8 | 116.3 | 2.1 | 4.3 | 3.1 |
| ख | प्रत्यक्षतः उपलब्ध | | | | | | | |
| 4. | थोक मूल्य सूचकांक | 111.2 | 116.5 | 125.9 | 130.4 | 4.8 | 8.1 | 3.6 |
| 5. | उपभोक्ता मूल्य * | | | | | | | |
| 5.1 | कृषि मजदूर | 111.8 | 120.3 | 132.4 | 150.9 | 7.6 | 10.1 | 14.0 |
| 5.2 | औद्योगिक श्रमिक | 111.4 | 118.3 | 129.0 | 144.9 | 6.2 | 9.0 | 12.3 |

*** वर्ष 2004-05 के अलावा अन्य आधार वर्ष के साथ सूचकांक उपलब्ध हैं । इन्हें गणितीय परिवर्तन द्वारा 2004-05 =100 के आधार में परिवर्तित किया गया है ।**

## उपभोग व्यय, बचत और पूंजी निर्माण

**2.10** बाजार मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), कारक लागत पर सकल घरेलू उत्पाद में अप्रत्यक्ष कर एवं समायोजित आर्थिक सहायता को जोड़कर प्राप्त किया जाता है । बाजार मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद में वार्षिक वृद्धि दरें सारणी 8 में प्रस्तुत की गई हैं ।

**सारणी 8: बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद में पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशतता में परिवर्तन**

| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रचलित मूल्य पर | 13.9 | 16.3 | 16.1 | 12.0 | 17.3 |
| वर्ष 2004-05 के मूल्य पर | 9.3 | 9.3 | 9.8 | 4.9 | 9.1 |

**2.11** सकल घरेलू उत्पाद पर व्यय के मुख्य घटक अंतिम खपत व्यय तथा पूंजी निर्माण हैं जो बाजार मूल्यों पर मापे जाते हैं । अतः इन पहलुओं पर विचार-विमर्श मुख्यतः बाजार मूल्यों पर है साथ ही यह सूचना वर्ष 2004-05 के मूल्यों पर भी प्रस्तुत की गई है ।

**निजी अंतिम उपभोग व्यय**

**2.12** घरेलू बाजार में प्रचलित और स्थिर, दोनों मूल्यों पर निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) के अनुमान सारणी-8 में दिये गये हैं । प्रचलित मूल्यों पर पीएफसीआई 2008-09 में 32,66,461 करोड़ रूपये की तुलना में 2009-10 में 37,95,901 करोड़ रू. निकाली गई है । वर्ष 2008-09 में 26,59,152 करोड़ रू. की तुलना में स्थिर (2004-05) मूल्यों पर पीएफसीई 2009-10 में 28,57,060 करोड़ रू. निकाली गई है । प्रति व्यक्ति निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) वर्ष 2009-10 में प्रचलित मूल्य पर 32444 रु. तथा स्थिर मूल्य (2004-05) पर 24419 रु. रहा जबकि वर्ष 2008-09 में यह क्रमशः 28306 रु तथा 23043 रु. था । पिछले वर्ष की तुलना में सभी समूहों के व्यय में प्रचलित और स्थिर, दोनों मूल्यों पर 2009-10 में वृद्धि हुई(सारणी-9 देखें) । उसी प्रकार इन दो वर्षों के दौरान विभिन्न समूहों का हिस्सा कमोबेश उसी क्रम का रहा ।

**सारणी-9: घरेलू बाजार में निजी अंतिम उपभोग व्यय**

| वर्ष | प्रचलित मूल्यों पर | | 2004-05 के स्थिर मूल्यों पर | | 2004-05 के मूल्यों पर प्रतिशतता वृद्धि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | योग (करोड़ रूपये) | प्रति व्यक्ति (रूपये) | योग (करोड़ रूपये) | प्रति व्यक्ति (रूपये) | योग | प्रति व्यक्ति |
| 2004-05 | 1925592 | 17682 | 1925592 | 17682 | | |
| 2005-06 | 2159434 | 19525 | 2087673 | 18876 | 8.4 | 6.8 |
| 2006-07 | 2488410 | 22178 | 2264512 | 20183 | 8.5 | 6.9 |
| 2007-08 | 2850088 | 25045 | 2470616 | 21710 | 9.1 | 7.6 |
| 2008-09 | 3266461 | 28306 | 2659152 | 23043 | 7.6 | 6.1 |
| 2009-10 | 3795901 | 32444 | 2857060 | 24419 | 7.4 | 6.0 |

**सारणी-10: घरेलू बाजार में वस्तुओं एवं सेवाओं के प्रकार के अनुसार निजी अंतिम उपभोग व्यय**

*(करोड़ रूपये)*

| मद | प्रचलित मूल्यों पर | | | | 2004-05 के स्थिर मूल्यों पर | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **2004-05** | **2007-08** | **2008-09** | **2009-10** | **2007-08** | **2008-09** | **2009-10** |
| खाद्य, पेय पदार्थ एवं तंबाकू | 769500 | 1088946 | 1205796 | 1372064 | 900179 | 927795 | 932083 |
| कपड़े एवं जूते | 127829 | 204639 | 221879 | 245149 | 198263 | 209305 | 220241 |
| सकल भाड़ा, ईंधन एवं शक्ति | 266434 | 379939 | 443967 | 561932 | 300360 | 313291 | 331698 |
| फर्नीचर, साजसज्जा, उपस्कर एवं सेवाएं | 65174 | 112270 | 131734 | 155026 | 101991 | 115112 | 130707 |
| चिकित्सा देखभाल एवं स्वास्थ्य सेवाएं | 95560 | 127648 | 140595 | 154900 | 118077 | 126204 | 137435 |
| परिवहन एवं संचार | 371800 | 509451 | 576550 | 646164 | 453848 | 495433 | 565734 |
| मनोरंजन, शिक्षा एवं सांस्कृतिक सेवाएं | 57213 | 84643 | 100011 | 112643 | 75583 | 84569 | 90017 |
| विविध पदार्थ एवं सेवाएं | 172082 | 342552 | 445929 | 548023 | 322315 | 387443 | 449145 |
| **निजी अंतिम उपभोग व्यय** | **1925592** | **2850088** | **3266461** | **3795901** | **2470616** | **2659152** | **2857060** |

**प्रचलित मूल्यों पर घरेलू बाजार में निजी अंतिम उपभोग व्यय में उपभोग किए गए विभिन्न मद समूहों का अंश**




## घरेलू बचत

**2.13** वर्ष 2008-09 में 17,98,347 करोड़ रु. की तुलना में वर्ष 2009-10 में प्रचलित मूल्यों पर सकल घरेलू बचत (जीडीएस) अनुमानतः 22,07,423 करोड़ रु. है, जो गत वर्ष बाजार मूल्य पर 32.2 प्रतिशत जीडीएस की तुलना में 33.7 प्रतिशत है । जीडीएस की दर में वृद्धि का प्रमुख कारण सार्वजनिक क्षेत्रों में बचत की दरों में वृद्धि (2008-09 में 0.5 प्रतिशत से 2009-10 में 2.1 प्रतिशत) तथा निजी निगमित क्षेत्रों में (2008-09 में 7.9 प्रतिशत से 2009-10 में 8.1 प्रतिशत) रही । पारिवारिक क्षेत्र के संबंध में बचत दर में 23.8 प्रतिशत से 23.5 प्रतिशत की कमी हुई है । समग्रतः, जबकि पारिवारिक क्षेत्र की बचत 2008-09 में 13,31,033 करोड़ रु. से बढ़कर 2009-10 में 15,36,071 करोड़ रु. हो गई है, निजी निगमित क्षेत्र की बचत 2008-09 में 4,38,376 करोड़ रु. से बढ़कर 2009-10 में 5,31,403 करोड़ रु. हो गई तथा सार्वजनिक क्षेत्र की 2008-09 में 28,938 करोड़ रु. से बढ़कर 2009-10 में 1,39,949 हो गई है । पारवारिक क्षेत्र के संबंध में वित्तीय एवं भौतिक संपत्तियों के रूप में बचत 2008-09 में 6,00,141 करोड़ रु. तथा 7,30,892 करोड़ रु. से बढ़कर 2009-10 में क्रमशः7,71,527 करोड़ रु. तथा 7,64,544 करोड़ रु. हो गई है । निजी निगमित क्षेत्र में वृद्धि का प्रमुख कारण संयुक्त स्टॉक कंपनियों की बचत में वृद्धि वर्ष 2008-09 में 4,14,544 करोड़ रूपए से वर्ष 2009-10 में 5,04,683 करोड़ रूपए होना है । निवल घरेलू बचत भी 2008-09 में 12,35,057 करोड़ रु. से बढ़कर 2009-10 में 15,51,750 करोड़ रु. हो गई है जिसमें 2008-09 में बाजार मूल्य पर निवल घरेलू उत्पाद का 24.6 प्रतिशत तथा 2009-10 में 26.3 प्रतिशत सम्मिलित है ।

## सारणी-11: घरेलू बचत
*(प्रचलित मूल्यों पर)*

*(करोड़ रूपये)*

| मद | | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सकल घरेलू बचत | **1050703** | **1235288** | **1486044** | **1837498** | **1798347** | **2207423** |
| 1.1 | पारिवारिक क्षेत्र | 763685 | 869176 | 994631 | 1119829 | 1331033 | 1536071 |
| 1.2 | निजी निगमित क्षेत्र | 212519 | 277157 | 338484 | 468707 | 438376 | 531403 |
| 1.3 | सार्वजनिक क्षेत्र | 74499 | 88955 | 152929 | 248962 | 28938 | 139949 |
| 2. | निवल घरेलू बचत | **730812** | **871575** | **1067433** | **1352940** | **1235057** | **1551750** |
| 2.1 | पारिवारिक क्षेत्र | 652649 | 743806 | 850826 | 956290 | 1136237 | 1309816 |
| 2.2 | निजी निगमित क्षेत्र | 112669 | 158190 | 195138 | 292822 | 232484 | 292538 |
| 2.3 | सार्वजनिक क्षेत्र | -34506 | -30421 | 21469 | 103828 | -133664 | -50604 |
| 3. | निवल पूंजी अंतरप्रवाह | **13338** | **44603** | **45524** | **64430** | **128760** | **181790** |
| 4. | (बाजार भावों पर) सकल घरेलू उत्पाद | **3242209** | **3692485** | **4293672** | **4986426** | **5582623** | **6550271** |
| 5. | सकल बचत प्रतिशत की दर | **32.4** | **33.5** | **34.6** | **36.9** | **32.2** | **33.7** |
| 5.1 | पारिवारिक क्षेत्र | 23.6 | 23.5 | 23.2 | 22.5 | 23.8 | 23.5 |
| 5.2 | निजी निगमित क्षेत्र | 6.6 | 7.5 | 7.9 | 9.4 | 7.9 | 8.1 |
| 5.3 | सार्वजनिक क्षेत्र | 2.3 | 2.4 | 3.6 | 5.0 | 0.5 | 2.1 |

**घरेलू बचत**
**(करोड़ रूपये)**




## पूंजी निर्माण

**2.14** प्रचलित मूल्यों पर सकल घरेलू पूंजी निर्माण 2008-09 में 19,27,107 करोड़ रूपये से बढ़कर 2009-10 में 23,89,213 करोड़ रूपये हो गया और स्थिर(2004-05) मूल्यों पर, यह 2008-09 में 15,65,007 करोड़ रूपये से बढ़कर 2009-10 में 18,58,659 करोड़ रूपये हो गया । प्रचलित मूल्यों पर सकल पूंजी निर्माण की दर 2008-09 में 34.5 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2009-10 में 36.5 प्रतिशत हो गई । 2009-10 में विदेशों से 1,81,790 करोड़ रू. के निवल पूंजी अंर्तप्रवाह के कारण, वर्ष 2009-10 में पूंजी निर्माण की दर बचत दर से अधिक रही । सकल पूंजी निर्माण की दर भी स्थिर (2004-05) मूल्यों पर 2008-09 में 35.1 प्रतिशत से बढ़कर 2009-10 में 38.2 प्रतिशत पर पहुंच गई। प्रचलित मूल्यों पर निवल पूंजी निर्माण की दर, 2008-09 में 27.5 प्रतिशत की तुलना में 2009-10 में 30.8 प्रतिशत हो गई।

**2.15** प्रचलित दरों पर सकल स्थिर पूंजी निर्माण 2008-09 के 17,88,803 करोड़ रू. की तुलना में 2009-10 में 20,16,186 करोड़ रू. हो गया । प्रचलित मूल्यों पर, सार्वजनिक क्षेत्र का स्थिर पूंजी निर्माण 2008-09 में 4,78,707 करोड़ रू. से बढ़कर 2009-10 में 5,52,364 करोड़ रू. हो गया जबकि निजी निगमित क्षेत्र में 2008-09 में 5,80,246 करोड़ रू. से बढ़कर 2009-10 में 7,08,769 करोड़ रू. रह गया तथा पारिवारिक क्षेत्र में 2008-09 के 7,29,850 करोड़ रू. से बढ़कर वर्ष 2009-10 में 7,55,053 करोड़ रू. हो गया ।

**2.16** प्रचलित मूल्यों पर इन्वेंटरी स्टॉक में परिवर्तन, 2008-09 में 1,12,519 करोड़ रूपये से बढ़कर 2009-10 म ें 2,14,619 करोड़ हो गया । सार्वजनिक क्षेत्र में वर्ष के दौरान 50,524 करोड़ रू. से घटकर 49,254 करोड़ रू. रह गया । वर्ष के दौरान निजी निगमित क्षेत्र में यह वर्ष 2008-09 के 60,953 करोड़ रू से बढ़कर 1,55,874 करोड़ रू. तथा पारिवारिक क्षेत्र में यह 1,042 करोड़ से बढ़कर 9,491 करोड़ रु हो गया ।

## सारणी-12: सकल पूंजी निर्माण

*( करोड़ रूपये)*

| मद | | प्रचलित मूल्यों पर | | | | 2004-05 के मूल्यों पर | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2004-05 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 |
| 1. | सकल पूंजी निर्माण | 1052232 | 1896563 | 1973535 | 2344179 | 1653326 | 1602704 | 1823835 |
| 1.1 | सकल स्थायी पूंजी निर्माण | 931028 | 1641515 | 1788803 | 2016186 | 1430636 | 1452474 | 1559126 |
| 1.1.1 | सार्वजनिक | 224108 | 401326 | 478707 | 552364 | 347221 | 387353 | 415858 |
| 1.1.2 | निजी निगमित | 295621 | 711183 | 580246 | 708769 | 637125 | 496958 | 581266 |
| 1.1.3 | पारिवारिक | 411299 | 529006 | 729850 | 755053 | 446290 | 568163 | 562002 |
| 1.2 | स्टॉक में अंतर | 80150 | 201456 | 112519 | 214619 | 175377 | 90168 | 172083 |
| 1.2.1 | सार्वजनिक | 16472 | 40597 | 50524 | 49254 | 35239 | 39863 | 39455 |
| 1.2.2 | निजी निगमित | 39248 | 151971 | 60953 | 155874 | 131272 | 49116 | 123937 |
| 1.2.3 | पारिवारिक | 24430 | 8888 | 1042 | 9491 | 8866 | 1189 | 8691 |
| 2. | भूलचूक | 11809 | 5365 | -46428 | 45034 | 4675 | -37698 | 34824 |
| 3. | सकल पूंजी निर्माण | | | | | | | |
| 3.1 | सकल | 1064041 | 1901928 | 1927107 | 2389213 | 1658001 | 1565007 | 1858659 |
| 3.2 | निवल | 744150 | 1417370 | 1363817 | 1733540 | 1230486 | 1097772 | 1340345 |
| 4. | बाजार मूल्य पर घरेलू उत्पाद में पूंजी निर्माण की प्रतिशतता | | | | | | | |
| 4.1 | सकल | 32.8 | 38.1 | 34.5 | 36.5 | 39.0 | 35.1 | 38.2 |
| 4.2 | निवल | 25.5 | 31.5 | 27.2 | 29.4 | 32.2 | 27.5 | 30.8 |

**पूंजी निर्माण प्रचलित मूल्यों पर**

*(प्रतिशत अंश )*

**2004-05** **2009-10**




**2.17** सारणी-12 में समग्र अर्थव्यवस्था के साथ-साथ चुनिन्दा उद्योगों के लिए 2004-05 मूल्यों पर भूलचूक के लिए असमायोजित सकल पूंजी निर्माण (जीसीएफ) के अनुमान दिए गए हैं । 'फसल एवं पशुपालन ' 'विनिर्माण ', 'परिवहन, भंडारण एवं संचार ' तथा 'समुदाय, सामाजिक एवं वैयक्तिक सेवा ' के उद्योग-समूहों में वृद्धि के कारण अर्थव्यवस्था में जीसीएफ में 13.8 प्रतिशत की वास्तविक वृद्धि हुई ।

**सारणी-13: चयनित उद्योगों में सकल पूंजी निर्माण**

***(2004-05) के स्थायी मूल्यों पर***

*( करोड़ रूपये)*

| | उद्योग | 2004-05 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फसल एवं पशुपालन | 76096 | 90710 | 105034 | 128659 | 133377 |
| 2 | विनिर्माण | 344517 | 472223 | 611469 | 417971 | 563633 |
| 3 | परिवहन, भंडारण एवं संचार | 67614 | 75215 | 94730 | 130393 | 131543 |
| 4 | समुदाय, सामाजिक एवं वैयक्तिक सेवाएं | 149525 | 200885 | 237766 | 229305 | 257543 |
| 5 | कुल (सभी उद्योगों के लिए) | 1052232 | 1411050 | 1653326 | 1602704 | 1823835 |

## 3. सार्वजनिक क्षेत्र

**3.01** वर्ष 2009-10 में, प्रशासनिक विभाग, विभागीय उद्यम और गैर-विभागीय उद्यमों वाले सार्वजनिक क्षेत्र ने सकल घरेलू उत्पाद में 21.2 प्रतिशत का अंशदान किया तथा सकल घरेलू पूंजी निर्माण में एक बड़े योगदान के तौर पर 27.0 प्रतिशत का अंशदान किया जिसमें प्रमुख अंशदान प्रशासनिक विभागों एवं गैर-विभागीय उपक्रमों का था(सारणी 13 देखें)। सकल घरेलू उत्पाद में इसके अंशदान की तुलना में पूंजी निर्माण में इसका अंशदान अधिक था । प्रशासनिक विभागों में पूंजी निर्माण की बड़ी राशि या तो सड़कों एवं पुलों के रूप में अथवा अन्य निर्माण कार्यों के रूप में है, जिन्हें आम लोगों को निःशुल्क अथवा काफी रियायती मूल्यों पर आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु उपयोग किया जाता है । गैर-विभागीय उद्यमों के मामले में, आय तथा बचत सृजन में इनका हिस्सा पूंजी निर्माण पर व्यय के हिस्से से अपेक्षाकृत कम है । पूंजी निर्माण का एक बड़ा अंश सार्वजनिक क्षेत्र से बाहर के संसाधनों से वित्त-पोषित किया जाता है।

## सारणी-14: *कुल अर्थव्यवस्था में* सार्वजनिक क्षेत्र का *प्रतिशत भाग*

**( प्रचलित मूल्यों पर )**

| मद | | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सकल घरेलू उत्पाद | 22.9 | 21.5 | 20.7 | 19.9 | 20.3 | 21.2 |
| 1.1 | प्रशासनिक विभाग * | 9.4 | 9.1 | 8.6 | 8.4 | 9.2 | 10.3 |
| 1.2 | विभागीय उद्यम | 2.5 | 2.3 | 2.3 | 2.2 | 2.2 | 2.5 |
| 1.3 | गैर विभागीय उद्यम | 11.0 | 10.1 | 9.8 | 9.3 | 8.9 | 8.4 |
| 2. | सकल घरेलू पूंजी निर्माण | 23.8 | 23.9 | 23.9 | 24.0 | 27.8 | 27.0 |
| 2.1 | प्रशासनिक विभाग * | 10.4 | 10.4 | 10.5 | 10.2 | 11.2 | 11.4 |
| 2.2 | विभागीय उद्यम | 2.6 | 2.8 | 2.9 | 2.8 | 3.1 | 3.0 |
| 2.3 | गैर-विभागीय उद्यम | 10.8 | 10.7 | 10.5 | 11.0 | 13.5 | 12.6 |
| 3. | सकल घरेलू बचत | 7.1 | 7.2 | 10.3 | 13.5 | 1.6 | 6.3 |
| 3.1 | प्रशासनिक विभाग * | -7.2 | -6.2 | -3.0 | 1.4 | -10.3 | -3.7 |
| 3.2 | विभागीय उद्यम | 1.5 | 1.5 | 1.7 | 1.6 | 1.3 | 1.3 |
| 3.3 | गैर-विभागीय उद्यम | 12.8 | 11.9 | 11.6 | 10.5 | 10.6 | 8.7 |

* स्वायत्त संस्थानों में सार्वजनिक सेवाएं शामिल हैं ।

**3.02** प्रचलित मूल्यों पर सकल घरेलू पूंजी-निर्माण में सार्वजनिक क्षेत्र का अंश, जो 2004-05 में 23.8 प्रतिशत था वह वर्ष 2009-10 में बढ़कर 27.0 प्रतिशत हो गया । इस अवधि के दौरान सकल घरेलू पूंजी निर्माण में सार्वजनिक क्षेत्र के शेयर में वृद्धि का कारण , प्रशासनिक विभागों, विभागीय तथा गैर-विभागीय उद्यमों के तदनुरूपी शेयरों में वृद्धि रही ।

**3.03** सारणी-14 सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में स्थिर (2004-05) मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि को दर्शाता है । सारणी से स्पष्ट है कि सार्वजनिक क्षेत्र में वृद्धि का पैटर्न निजी क्षेत्र में वृद्धि के पैटर्न के समान नहीं है । पूर्णतः वाणिज्यक प्रकृत्ति के गैर-विभागीय उद्यमों के लिए भी पैटर्न समान नहीं है और ऐसा होना स्वाभाविक है क्योंकि निजी क्षेत्र की प्रकृति, समस्या और दिक्कतें सार्वजनिक क्षेत्र से भिन्न हैं । सार्वजनिक क्षेत्र के कार्यकलाप, जो मुख्यतः अन्य सेवाओं (शिक्षा और चिकित्सा), संपूर्ण अथवा लगभग संपूर्ण विद्युत कवरेज के अतिरिक्त, गैस तथा जल-आपूर्ति, रेलवे, संचार, लोक प्रशासन और बैंकिंग एवं बीमा क्षेत्र के अलावा उत्पादन करने वाले क्षेत्रों, विनिर्माण और भंडारण में केंद्रित हैं । कार्यकलापों में कोई तुलना न हो सकने तथा इन दो संस्थागत क्षेत्रों के बीच सकल घरेलू उत्पाद के परिकलन के तौर तरीकों में भिन्नताओं के कारण आर्थिक कार्यकलापों के आधार पर कोई विश्लेषण सार्थक नहीं होगा ।

## सारणी-15: सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि

***(2004-05 के मूल्यों पर)***

**( प्रतिशत)**

| वर्ष | कुल सकल घरेलू उत्पाद | सकल घरेलू उत्पाद-सार्वजनिक क्षेत्र | | | | सकल घरेलू उत्पाद-निजी क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | प्रशासनिक * | विभागीय वाणिज्यिक उपक्रम | अविभागीय वाणिज्यिक उपक्रम | कुल |
| 2005-06 | 9.5 | 5.5 | 6.7 | 7.8 | 3.9 | 10.7 |
| 2006-07 | 9.6 | 8.2 | 3.2 | 5.7 | 13.1 | 10.0 |
| 2007-08 | 9.3 | 6.8 | 6.8 | 6.8 | 6.8 | 10.0 |
| 2008-09 | 6.8 | 10.8 | 15.8 | 10.9 | 6.8 | 5.7 |
| 2009-10 | 8.0 | 13.9 | 15.5 | 12.1 | 12.9 | 6.3 |

*अर्ध सरकारी निकाय में सार्वजनिक क्षेत्र शामिल हैं ।

**3.04** सारणी-15 वर्ष 2004-05, 2008-09 तथा 2009-10 के लिये प्रचलित मूल्यों पर सरकारी व्यय का प्रयोजनात्मक वितरण दर्शाता है । यह देखा जा सकता है कि वर्ष 2004-05 से 2009-10 के दौरान,

प्रचलित व्यय मे 147.0 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है जबकि पूंजीगत व्यय में यह बढ़ोतरी 116.0 प्रतिशत रही है ।

**सारणी-16: प्रशासनिक विभागों के व्यय का प्रयोजनात्मक वर्गीकरण**

***(प्रचलित मूल्यों पर)***

*( करोड़ रूपये)*

| प्रयोजन | | 2004-05 | | 2008-09 | | 2009-10 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रचलित व्यय | पूंजीगत व्यय | प्रचलित व्यय | पूंजीगत व्यय | प्रचलित व्यय | पूंजीगत व्यय |
| 1. | सामान्य सार्वजनिक सेवाएं | 101882 | 35746 | 190402 | 61582 | 215928 | 79954 |
| 2. | रक्षा | 67401 | 19241 | 122319 | 20514 | 149928 | 24673 |
| 3. | शिक्षा सेवाएं | 98220 | 3941 | 169920 | 11392 | 250987 | 14318 |
| 3.1 | प्रशासन, विनियमन एवं अनुसंधान | 10541 | 100 | 24631 | 489 | 39807 | 764 |
| 3.2 | शैक्षणिक सेवाऐं | 87679 | 3841 | 145289 | 10903 | 211180 | 13554 |
| 4. | स्वास्थ्य एवं अन्य सेवाएं | 23847 | 2686 | 43470 | 5878 | 55901 | 6968 |
| 4.1 | प्रशासन विनियमन एवं अनुसंधान | 2244 | 364 | 6785 | 394 | 10995 | 417 |
| 4.2 | स्वास्थ्य सेवाएं | 21603 | 2322 | 36685 | 5484 | 44906 | 6551 |
| 5. | सामाजिक सुरक्षा और कल्याण सेवाएं | 21433 | 1873 | 61930 | 6384 | 83502 | 7391 |
| 6. | आवासीय और अन्य सामुदायिक सुविधाएं | 14920 | 30905 | 41281 | 61583 | 42895 | 67341 |
| 7. | सांस्कृतिक, मनोविनोद एवं धार्मिक सेवाएं | 4869 | 1356 | 8152 | 4064 | 13175 | 4246 |
| 8. | आर्थिक सेवाएं | 138889 | 80055 | 374423 | 198540 | 352655 | 175014 |
| 8.1 | सामान्य प्रशासन, विनियमन और अनुसंधान | 6319 | 12045 | 11465 | 28915 | 11781 | 32647 |
| 8.2 | कृषि, वानिकी, मत्स्यन और आखेटन | 62051 | 8594 | 213036 | 28481 | 191905 | 20911 |
| 8.3 | खनन, विनिर्माण और निर्माण | 23559 | 4731 | 75845 | 42599 | 61939 | 5187 |
| 8.4 | विद्युत, गैस, भाप और ऊर्जा के अन्य स्रोत | 22914 | 17738 | 40584 | 21822 | 40330 | 28404 |
| 8.5 | जल आपूर्ति | 3788 | 9985 | 7527 | 14165 | 13852 | 16171 |
| 8.6 | परिवहन और संचार | 8241 | 23978 | 18762 | 54359 | 24667 | 66214 |
| 8.7 | अन्य आर्थिक सेवाएं | 12017 | 2984 | 7204 | 8199 | 8181 | 5480 |
| 9. | पर्यावरणीय संरक्षण | 832 | 104 | 845 | 258 | 741 | 247 |
| 10. | विपदा राहत एवं अन्य विविध सेवाएं | 2753 | 801 | 3928 | 2285 | 7464 | 1521 |
| 11 | जोड़ | **475046** | **176708** | **1016670** | **372480** | **117317** | **381673** |

## 4. दीर्घकालिक रूझान

**4.01** 1950-51 से 2010-11 की दीर्घकालिक श्रृंखला, वृद्धि दरों तथा अन्य दरों (अर्थात् पूंजी निर्माण दर आदि) के रूप में संक्षिप्त रूप में सारणी 16 में दी गई है । 2010-11 के दौरान प्रति व्यक्ति आय में स्थिर (2004-05) मूल्यों पर प्रति वर्ष 6.7 प्रतिशत की वार्षिक औसत वृद्धि दर्ज की गई । राष्ट्रीय आय इसी अवधि के दौरान 8.2 प्रतिशत की औसत दर से बढ़ी । निजी अंतिम उपभोग व्यय, सरकारी अंतिम उपभोग व्यय, तथा सकल घरेलू पूंजी निर्माण जैसे व्यय समाहारों ने 2009-10 के दौरान में 2004-05 मूल्यों पर क्रमशः 7.4, 16.4 एवं 18.8 प्रतिशत वृद्धि दरें दर्ज की हैं ।

## सारणी-17 (क) : वार्षिक औसत वृद्धि दर

| योजना अवधि | | कारक लागत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद | | कारक लागत पर **सकल घरेलू उत्पाद** | | कारक लागत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद | | कारक लागत पर प्रति व्यक्ति निवल राष्ट्रीय उत्पाद | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रचलित भावों पर | 2004-05 के भावों पर | प्रचलित भावों पर | 2004-05 के भावों पर | प्रचलित भावों पर | 2004-05 के भावों पर | प्रचलित भावों पर | 2004-05 के भावों पर |
| प्रथम योजना | 1951-56 | 1.8 | 3.7 | 1.7 | 3.6 | 2.0 | 4.4 | 0.2 | 2.6 |
| द्वितीय योजना | 1956-61 | 9.5 | 4.2 | 9.6 | 4.3 | 9.4 | 4.0 | 7.3 | 2.0 |
| तृतीय योजना | 1961-66 | 9.6 | 2.8 | 9.7 | 2.8 | 9.6 | 2.6 | 7.2 | 0.4 |
| वार्षिक योजना | 1966-69 | 12.2 | 3.9 | 12.3 | 3.9 | 12.3 | 3.9 | 9.9 | 1.6 |
| चतुर्थ योजना | 1969-74 | 11.1 | 3.4 | 11.1 | 3.4 | 10.8 | 3.1 | 8.3 | 0.8 |
| पंचम योजना | 1974-79 | 10.7 | 5.0 | 10.6 | 4.9 | 10.3 | 4.9 | 7.9 | 2.6 |
| वार्षिक योजना | 1979-80 | 9.4 | -5.0 | 9.1 | -5.2 | 8.3 | -6.0 | 5.7 | -8.2 |
| छठी योजना | 1980-85 | 15.3 | 5.4 | 15.5 | 5.5 | 15.2 | 5.4 | 12.8 | 3.1 |
| सातवीं योजना | 1985-90 | 14.1 | 5.5 | 14.2 | 5.7 | 13.8 | 5.5 | 11.4 | 3.3 |
| वार्षिक योजना | 1990-91 | 16.3 | 5.0 | 16.5 | 5.3 | 16.8 | 5.2 | 14.4 | 3.1 |
| वार्षिक योजना | 1991-92 | 15.1 | 1.4 | 15.4 | 1.4 | 14.4 | 0.9 | 12.1 | -1.1 |
| आठवीं योजना | 1992-97 | 16.4 | 6.6 | 16.2 | 6.5 | 16.5 | 6.6 | 14.2 | 4.5 |
| नवीं योजना | 1997-02 | 10.8 | 5.5 | 10.7 | 5.5 | 10.6 | 5.3 | 8.5 | 3.3 |
| दसवी योजना* | 2002-07 | 12.8 | 7.8 | 12.8 | 7.8 | 12.7 | 7.7 | 11.0 | 6.1 |
| **ग्यारहवीं योजना*** | 2007-08 | 16.4 | 9.8 | 15.9 | 9.3 | 16.5 | 9.6 | 14.8 | 8.1 |
| | 2008-09 | 15.1 | 6.6 | 15.3 | 6.8 | 15.0 | 6.2 | 13.4 | 4.8 |
| | 2009-10 | 16.1 | 7.9 | 16.1 | 8.0 | 16.1 | 7.5 | 14.5 | 6.1 |
| | 2010-11 | 18.2 | 8.5 | 18.3 | 8.6 | 18.9 | 8.2 | 17.3 | 6.7 |
| औसत* | 1951-2011 | 11.7 | 4.9 | 11.7 | 4.9 | 11.6 | 4.9 | 9.4 | 2.8 |

***1951-52 से 2004-05 की अवधि के लिए वृद्धि दर एनएएस 1999-00 श्रृंखला पर आधारित है**

## सारणी-17 (ख) : प्रमुख व्यय समाहारों की वृद्धि दर

| योजना अवधि | | घरेलू बाजार में निजी अंतिम उपभोग व्यय | | सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | | सकल घरेलू पूंजी निर्माण | | सकल बचत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रचलित भावों पर | 2004-05 के भावों पर | प्रचलित भावों पर | 2004-05 के भावों पर | प्रचलित भावों पर | 2004-05 के भावों पर | प्रचलित भावों पर |
| प्रथम योजना | 1951-56 | 2.3 | 4.1 | 5.1 | 1.2 | 13.5 | 12.4 | 10.4 |
| द्वितीय योजना | 1956-61 | 9.0 | 3.7 | 9.8 | 6.1 | 13.0 | 6.3 | 8.4 |
| तृतीय योजना | 1961-66 | 8.8 | 2.6 | 16.8 | 13.1 | 13.0 | 8.3 | 14.6 |
| वार्षिक योजना | 1966-69 | 11.9 | 3.2 | 10.3 | 3.2 | 5.0 | 0.0 | 6.9 |
| चतुर्थ योजना | 1969-74 | 10.6 | 2.4 | 11.1 | 5.9 | 18.0 | 7.9 | 19.3 |
| पंचम योजना | 1974-79 | 10.3 | 4.4 | 13.6 | 4.9 | 16.2 | 7.6 | 16.7 |
| वार्षिक योजना | 1979-80 | 8.6 | -2.2 | 15.0 | 6.3 | 4.5 | -9.7 | 2.6 |
| छठी योजना | 1980-85 | 14.4 | 4.9 | 16.4 | 6.1 | 14.5 | 2.9 | 13.5 |
| सातवीं योजना | 1985-90 | 12.1 | 4.3 | 16.9 | 7.8 | 19.6 | 9.0 | 18.6 |
| वार्षिक योजना | 1990-91 | 14.3 | 4.9 | 14.0 | 3.4 | 25.2 | 16.8 | 22.5 |
| वार्षिक योजना | 1991-92 | 15.2 | 2.1 | 12.8 | -0.2 | -2.5 | -15.6 | 8.5 |
| आठवीं योजना | 1992-97 | 14.9 | 5.0 | 14.5 | 4.6 | 18.4 | 9.0 | 17.5 |
| नवीं योजना | 1997-02 | 10.2 | 4.7 | 14.2 | 8.0 | 9.8 | 5.3 | 11.6 |
| दसवी योजना* | 2002-07 | 10.2 | 6.2 | 8.5 | 3.7 | 23.0 | 17.2 | 21.5 |
| **ग्यारहवीं योजना*** | 2007-08 | 14.5 | 9.1 | 15.7 | 9.5 | 24.2 | 18.2 | 23.7 |
| | 2008-09 | 14.6 | 7.6 | 20.2 | 10.7 | 1.3 | -5.6 | -2.1 |
| | 2009-10 | 16.2 | 7.4 | 27.4 | 16.4 | 24.0 | 18.8 | 22.7 |
| औसत* | 1951- | 10.7 | 4.2 | 13.1 | 6.1 | 15.0 | 7.7 | 14.6 |

***1951-52 से 2004-05 की अवधि के लिए वृद्धि दर एनएएस 1999-00 श्रृंखला पर आधारित है**

## 5. कारक आय

**5.01** सारणियां-18 (क), 18 (ख), 18 (ग), और 18 (घ) अर्थव्यवस्था के संगठित तथा असंगठित क्षेत्रों हेतु पृथक-पृथक विस्तृत उद्योग समूहों की कारक आय का परिमाण तथा वितरण प्रस्तुत

करती हैं । सारणी 17 (ख) से यह स्पष्ट है कि कुल सकल घरेलू उत्पाद में संगठित क्षेत्र का शेयर 2004-05 के 43.7 प्रतिशत से बढ़कर 2009-10 में 45.0 प्रतिशत हो गया है । सामान्यतः, यही रूख परिचालन अधिशेष (ओएस)/मिश्रित आय (एमआई) में भी नजर आता है । असंगठित क्षेत्र के ओएस/एमआई के शेयर में गिरावट उसी क्रम में है ।

**सकल घरेलू उत्पाद में उद्योग समूह के अनुसार संगठित/असंगठित क्षेत्रों की हिस्सेदारी**
**2009-10**




**सारणी-18 (क): वृहत उद्योग समूह में कारक आय**

*(करोड़ रूपये)*

| उद्योग | | 2004-05 | | | 2009-10 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संगठित | असंगठित | कुल | संगठित | असंगठित | कुल |
| अ. कृषि, वानिकी और मत्स्य | 1.क.क्ष. | 16179 | 66724 | 82903 | 32255 | 131894 | 164149 |
| | 2.प.अ./मि.आ | 10559 | 433828 | 444387 | 17531 | 831829 | 849360 |
| | 3. नि.घ.उ. | 6250 | 31886 | 38136 | 11024 | 64764 | 75788 |
| | **4. स. घरेलू उत्पाद** | 32988 | 532438 | 565426 | 60810 | 1028487 | 1089297 |
| ब. खनन, विनिर्माण, विद्युत और निर्माण | 1.क.क्ष. | 156141 | 157987 | 314127 | 320231 | 308977 | 629208 |
| | 2.प.अ./मि.आ | 221835 | 133297 | 355132 | 450843 | 244207 | 695050 |
| | 3.नि. घ.उ. | 136459 | 24065 | 160524 | 290347 | 39264 | 329611 |
| | **4. स. घरेलू उत्पाद** | 514434 | 315349 | 829783 | 1061421 | 592449 | 1653870 |
| स. सेवा | 1.क. क्ष. | 413599 | 101905 | 515504 | 847785 | 226046 | 1073831 |
| | 2.प.अ./मि.आ | 271706 | 667815 | 939521 | 661347 | 1404610 | 2065957 |
| | 3. नि.मू.वृ. | 67059 | 54171 | 121230 | 130892 | 119383 | 250275 |
| | **4. स. घरेलू उत्पाद** | 752364 | 823891 | 1576255 | 1640024 | 1750039 | 3390063 |
| द. योग | 1. .क. क्ष. | 585919 | 326616 | 912534 | 1200271 | 666917 | 1867188 |
| | 2.प.अ./मि.आ | 504100 | 1234940 | 1739040 | 1129721 | 2480646 | 3610367 |
| | 3.नि. घ.उ. | 209768 | 110122 | 319890 | 432263 | 223411 | 655674 |
| | **4. स. घरेलू उत्पाद** | 1299786 | 1671678 | 2971464 | 2762255 | 3370975 | 6133230 |

## सारणी-18 (ख): संगठित और असंगठित क्षेत्रों के अनुसार कारक आय का शेयर

| उद्योग | | 2004-05 | | | 2009-10 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संगठित | असंगठित | योग | संगठित | असंगठित | योग |
| अ. कृषि, वानिकी और मत्स्य | 1.क.क्ष. | 19.5 | 80.5 | 100.0 | 19.6 | 80.4 | 100.0 |
| | 2.प.अ./मि.आ | 2.4 | 97.6 | 100.0 | 2.1 | 97.9 | 100.0 |
| | 3. नि.घ.उ. | 16.4 | 83.6 | 100.0 | 14.5 | 85.5 | 100.0 |
| | **4. स. घरेलू उत्पाद** | 5.8 | 94.2 | 100.0 | 5.6 | 94.4 | 100.0 |
| ब. खनन, विनिर्माण, विद्युत और निर्माण | 1.क. क्ष.. | 49.7 | 50.3 | 100.0 | 50.9 | 49.1 | 100.0 |
| | 2.प.अ./मि.आ | 62.5 | 37.5 | 100.0 | 64.9 | 35.1 | 100.0 |
| | 3.नि. घ.उ. | 85.0 | 15.0 | 100.0 | 88.1 | 11.9 | 100.0 |
| | **4. स. घरेलू उत्पाद** | 62.0 | 38.0 | 100.0 | 64.2 | 35.8 | 100.0 |
| स. सेवा | 1.क. क्ष.. | 80.2 | 19.8 | 100.0 | 78.9 | 21.1 | 100.0 |
| | 2.प.अ./मि.आ | 28.9 | 71.1 | 100.0 | 32.0 | 68.0 | 100.0 |
| | 3. नि. घ.उ. | 55.3 | 44.7 | 100.0 | 52.3 | 47.7 | 100.0 |
| | **4. स. घरेलू उत्पाद** | 47.7 | 52.3 | 100.0 | 48.4 | 51.6 | 100.0 |
| द. योग | 1. .क. क्ष.. | 64.2 | 35.8 | 100.0 | 64.3 | 35.7 | 100.0 |
| | 2.प.अ./मि.आ | 29.0 | 71.0 | 100.0 | 31.3 | 68.7 | 100.0 |
| | 3.नि. घ.उ. | 65.6 | 34.4 | 100.0 | 65.9 | 34.1 | 100.0 |
| | **4. स. घरेलू उत्पाद** | 43.7 | 56.3 | 100.0 | 45.0 | 55.0 | 100.0 |

## सारणी 18 (ग): संगठित और असंगठित क्षेत्रों में वृहत उद्योग समूहों के अनुसार कारक आय का वितरण

**(प्रतिशतता शेयर)**

| उद्योग | | 2004-05 | | | 2009-10 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संगठित | असंगठित | योग | संगठित | असंगठित | योग |
| अ. कृषि, वानिकी और मत्स्य | 1.क.क्ष. | 1.2 | 4.0 | 2.8 | 1.2 | 3.9 | 2.7 |
| | 2.प.अ./मि.आ | 0.8 | 26.0 | 15.0 | 0.6 | 24.7 | 13.8 |
| | 3.नि. घ.उ. | 0.5 | 1.9 | 1.3 | 0.4 | 1.9 | 1.2 |
| | **4. स. घरेलू उत्पाद** | 2.5 | 31.9 | 19.0 | 2.2 | 30.5 | 17.8 |
| ब. खनन, विनिर्माण, विद्युत और निर्माण | 1.क.क्ष.. | 12.0 | 9.5 | 10.6 | 11.6 | 9.2 | 10.3 |
| | 2.प.अ./मि.आ | 17.1 | 8.0 | 12.0 | 16.3 | 7.2 | 11.3 |
| | 3.नि. घ.उ. | 10.5 | 1.4 | 5.4 | 10.5 | 1.2 | 5.4 |
| | **4. स. घरेलू उत्पाद** | 39.6 | 18.9 | 27.9 | 38.4 | 17.6 | 27.0 |
| स. सेवा | 1.क. क्ष. | 31.8 | 6.1 | 17.3 | 30.7 | 6.7 | 17.5 |
| | 2.प.अ./मि.आ | 20.9 | 39.9 | 31.6 | 23.9 | 41.7 | 33.7 |
| | 3. नि. घ.उ. | 5.2 | 3.2 | 4.1 | 4.7 | 3.5 | 4.1 |
| | **4. स. घरेलू उत्पाद** | 57.9 | 49.3 | 53.0 | 59.4 | 51.9 | 55.3 |
| द. योग | 1.क. क्ष. | 45.1 | 19.5 | 30.7 | 43.5 | 19.8 | 30.4 |
| | 2.प.अ./मि.आ | 38.8 | 73.9 | 58.5 | 40.9 | 73.6 | 58.9 |
| | 3.नि. घ.उ. | 16.1 | 6.6 | 10.8 | 15.6 | 6.6 | 10.7 |
| | **4. स. घरेलू उत्पाद** | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 |

## वृहत उद्योग समूहों में कारक आय
## 2009-10




### सारणी-18 (घ): वृहत उद्योग समूहों में कारक आय का शेयर

| उद्योग | | 2004-05 | | | 2008-09 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संगठित | असंगठित | योग | संगठित | असंगठित | योग |
| अ. कृषि, वानिकी और मत्स्य | 1.क.क्ष. | 49.0 | 12.5 | 14.7 | 53.0 | 12.8 | 15.1 |
| | 2.प.अ./मि.आ | 32.0 | 81.5 | 78.6 | 28.8 | 80.9 | 78.0 |
| | 3. नि.घ.उ. | 18.9 | 6.0 | 6.7 | 18.1 | 6.3 | 7.0 |
| | **4. स. घरेलू उत्पाद** | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 |
| ब. खनन, विनिर्माण, विद्युत और निर्माण | 1.क. क्ष. | 30.4 | 50.1 | 37.9 | 30.2 | 52.2 | 38.0 |
| | 2.प.अ./मि.आ | 43.1 | 42.3 | 42.8 | 42.5 | 41.2 | 42.0 |
| | 3. नि.घ.उ. | 26.5 | 7.6 | 19.3 | 27.4 | 6.6 | 19.9 |
| | **4. स. घरेलू उत्पाद** | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 |
| स. सेवा | 1.क. क्ष. | 55.0 | 12.4 | 32.7 | 51.7 | 12.9 | 31.7 |
| | 2.प.अ./मि.आ | 36.1 | 81.1 | 59.6 | 40.3 | 80.3 | 60.9 |
| | 3. नि.घ.उ. | 8.9 | 6.6 | 7.7 | 8.0 | 6.8 | 7.4 |
| | **4. स. घरेलू उत्पाद** | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 |
| द. योग | 1.क. क्ष. | 45.1 | 19.5 | 30.7 | 43.5 | [illegible] | 30.4 |
| | 2.प.अ./मि.आ | 38.8 | 73.9 | 58.5 | 40.9 | 73.6 | 58.9 |
| | 3. नि.घ.उ. | 16.1 | 6.6 | 10.8 | 15.6 | 6.6 | 10.7 |
| | **4. स. घरेलू उत्पाद** | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 |

## वर्ष 2011 तथा 2012 के दौरान राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी संबंधी विभिन्न विमोचनों के अग्रिम कैलेण्डर का विमोचन

**सकल घरेलू उत्पाद के तिमाही अनुमान**

| | | |
|---|---|---|
| **(1)** | 2010-11 की तिमाही 4 | 31.05.2011 |
| **(2)** | 2011-12 की तिमाही 1 | 31.08.2011 |
| **(3)** | 2011-12 की तिमाही 2 | 30.11.2011 |
| **(4)** | 2011-12 की तिमाही 3 | 29.02.2012 |
| **(5)** | 2011-12 की तिमाही 4 | 31.05.2012 |
| **(6)** | 2012-13 की तिमाही 1 | 31.08.2012 |
| (7) | 2012-13 की तिमाही 2 | 30.11.2012 |

*तिमाही 1 - अप्रैल-जून, तिमाही 2 - जुलाई-सितंबर, तिमाही 3 - अक्तूबर-दिसंबर, तिमाही 4 - जनवरी-मार्च*

**सकल घरेलू उत्पाद के वार्षिक अनुमान**

| | | |
|---|---|---|
| **(1)** | 2010-11 के लिए संशोधित अनुमान | 31.05.2011 |
| (2) | 2010-11 के लिए त्वरित अनुमान | 31.01.2012 |
| **(3)** | 2011-12 के लिए अग्रिम अनुमान | 07.02.2012 |
| **(4)** | 2011-12 के लिए संशोधित अनुमान | 31.05.2012 |

*******